परेशानी | कटनी-दमोह मार्ग पर कई स्थानों में गड्ढे और ऊंची-नीची सड़क से हादसों का खतरा

मरम्मत नहीं होने से सड़क बदहाल, टोल वसूली जारी

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधीन बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्मित कराया गया दमोह-कटनी मुख्य सड़क मार्ग की हालत जर्जर होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बदहाल होने के बावजूद मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है, लेकिन टोल नाके में वसूली जारी है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़क और कहीं-कहीं ऊंची-नीची हो गई है। जिसके कारण वाहन लहरा जाते है और हादसे की आशंका भी बनी रहती है। बताया जाता है कि इस मार्ग पर दो प्रमुख टोल गेट स्थित हैं। जिसमें एक मझगवां फाटक के पास और दूसरा बांदकपुर के पास। इन टोल गेटों से गुजरने वाले हर वाहन से भारी शुल्क वसूला जा रहा है। प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन इस

सड़क पर होता है, जिससे कंपनी को लाखों रुपए की आमदनी होती है। लेकिन सड़क की मरम्मत और रखरखाव नहीं कराया जा रहा है। कटनी से दमोह के बीच पड़ने वाले कई हिस्सों में सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर गुजरना पड़ता है। खासकर बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क गायब हो जाती है। भारी वाहन फंस जाते हैं, और दोपहिया सवारों का संतुलन बिगड़ने से आए दिन हादसे होते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई गंभीर हादसे इस मार्ग पर हुए हैं, लेकिन न तो एमपीआरडीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे न ही कंपनी ने सुधार कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने बार-बार इस मुद्दे को उठाया है। जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि जब कंपनी को टोल वसूली का अधिकार दिया गया है, तो उसकी जिम्मेदारी बनती है कि वह सड़क को दुरुस्त रखे। यह जनता के साथ खुली लूट जैसा है कि सड़क की मरम्मत किए बिना ही मोटी रकम वसूली जा रही है। एमपीआरडीसी के अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। कंपनी अनुबंध के नियमों का पालन नहीं कर रही, तो विभाग को टोल वसूली बंद कराते हुए कंपनी पर जुर्माना लगाना चाहिए। लेकिन अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने उनकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। कटनी-दमोह मार्ग से प्रतिदिन स्कूल बसें, मालवाहक ट्रक, यात्री बसें और निजी वाहन गुजरते हैं। लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण सफर न सिर्फ असुविधाजनक है बल्कि खतरनाक भी हो गया है। कई स्थानों पर सड़क किनारे रेलिंग टूटी पड़ी है, डिवाइडर के पत्थर भी उखड़ गए हैं। रात के समय पर्याप्त लाइटिंग नहीं होने से हादसों का खतरा दोगुना हो जाता है। एक स्थानीय वाहन चालक ने बताया, हमसे हर बार टोल टैक्स वसूला जाता है, लेकिन बदले में हमें टूटी सड़क और खतरा मिलता है। कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क की मरम्मत नहीं कराए जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोग अब आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं कि जल्द सड़क की मरम्मत और टोल की समीक्षा नहीं की गई, तो वे टोल गेटों का घेराव करेंगे। जिसकी पूरी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव : दूसरे दिन किया गया जलाभिषेक

▶ दद्दा धाम में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवभारत, कटनी। उपनगरीय क्षेत्र झिंझरी स्थित दद्दा धाम परिसर में पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का दूसरा दिन वैदिक रीति-विधान से संपन्न हुआ। पूज्य गुरुदेव पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' के सान्निध्य में गुरुदेव के मंदिर में भव्य जलाभिषेक अनुष्ठान किया गया। जिसमें शामिल होने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया। पंडित पूरनलाल शास्त्री और पंडित कालिका प्रसाद पांडे के निर्देशन में विधि-विधान से पूजन प्रारंभ हुआ। मंत्रोच्चारण और शंखनाद की ध्वनि से हर हर महादेव के जयघोष गूंज उठे, जिससे भक्तों को अलौकिक अनुभव हुआ। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और विजयराघवगढ़ विधानसभा के विधायक संजय पाठक और अभिनेता आशुतोष राणा सहित काफी संख्या में दद्दा जी के शिष्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान मंदिर परिसर में असंख्य शिवलिंगों का निर्माण भी किया गया। यह पंच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 9 नवंबर से 13 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान देशभर से प्रसिद्ध कथावाचक, भजन गायक और साधु-संतों का आगमन हो रहा है। इस विशाल आयोजन में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और गुरुदेव के आशीर्वाद का अनुभव कर सकेंगे।

एक नजर में

खेत की मेढ़ में मिला लापता वृद्ध का कंकाल

नवभारत, बाकल। जिले के बाकल थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बासन के चनपुरा हार में उस समय सनसनी फैल गई जब एक खेत मालिक ने अपने खेत की मेड़ के पास कुएं के समीप कंकाल पड़ा देखा। सूचना मिलते ही थाना बाकल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की।मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जगदीश लोधी पिता बाबूलाल लोधी (65वर्ष) निवासी छुरिया के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ था और लकवा रोग से पीड़ित था। वह 28 अक्टूबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने बाकल थाने में दर्ज कराई थी। सोमवार की सुबह खेत मालिक ने शव को देखकर तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल को अपने कब्जे में लिया। परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शव की पहचान जगदीश लोधी के रूप में की है। थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक ने बताया कि परिजनों ने कपड़ों के आधार पर शिनाख्त की है। हमने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और डीएनए जांच के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज भेजा है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का कारण स्पष्ट होगा।

नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश जारी

नवभारत, कटनी। श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम, झिंझरी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारूद्राभिषेक, अमृतवाणी कथा के दौरान अत्यधिक संख्या में भक्तगणों के आगमन के दौरान सफल और सुरक्षित आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी व सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि महोत्सव अवधि के दौरान 13 नवंबर तक कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टर और एंबुलेंस की व्यवस्था रहे। जनसामान्य की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने कहा गया है।

जनता से धोखा है पीपीपी मॉडल मेडिकल कॉलेज

▶ आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत, कटनी। आम आदमी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला कॉलेज की सुरक्षा, सीवर प्रोजेक्ट की अव्यवस्था, बिजली विभाग की लापरवाही और शहर की वैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं की मांग की है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि शहर की कई कॉलोनियां अब भी सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वहां पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। हजारों घर अब भी अस्थायी

कनेक्शन पर निर्भर हैं। स्थाई कनेक्शन दिया जाए। महिला कॉलेज तक सड़क, स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा का अभाव है। सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सड़कें टूटी पड़ी हैं, गंदा पानी गलियों में भर रहा है और ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। सड़कों को सुधारने की मांग की गई है। मेडिकल कॉलेज का वादा अब भी अधूरा है। आम आदमी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनता से शासकीय मेडिकल कॉलेज का वादा किया गया था, पर अब पीपीपी मॉडल में देने का निर्णय वादाखिलाफी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति सदस्य शिवप्रताप सिंह, प्रकाश जैन, अफरोज अहमद, संतोष सिंह, देवी यादव, सेवराम साहू, विनय लोधी, सलिल मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पहले बेमौसम बारिश ने खराब की फसल, अब मवेशी बन रहे चुनौती

▶ किसान हो रहे परेशान, गौसंरक्षण की मांग

नवभारत, बाकल। उप तहसील बाकल क्षेत्र के किसानों की परेशानियां खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। पहले बेमौसम बारिश ने धान की कटाई पर रोक लगा दी, अब आवारा मवेशियों का आतंक किसानों के लिए नई मुसीबत बन गया है। खेतों में खड़ी पकी फसल को बचाने के लिए किसान रात-दिन चौकसी कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि बारिश से खेतों में पानी भर गया है, जिससे हार्वेस्टर मशीनें खेतों तक नहीं पहुंच पा रहीं। जहां प्रयास किया जा रहा है, वहां हार्वेस्टर के टायर खेतों में धंस रहे हैं, जिससे खेतों में गहरे गड्ढे बन रहे हैं और खेतों की बनावट बिगड़ रही है। इससे आने वाले सीजन की

बुवाई भी प्रभावित होने की आशंका है। ग्राम बाकल और आसपास के किसानों ने बताया कि जैसे-तैसे फसल को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन आवारा मवेशियों के झुंड खेतों में घुसकर फसल को चट कर रहे हैं। किसान रामलाल पटेल ने कहा, हम खेतों में रातभर पहरा देते हैं। बारिश से फसल बची तो अब पशु नुकसान कर रहे हैं। शासन को कई बार अवगत कराया लेकिन कोई सुनवाई नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में गोशालाओं की कमी और पशुओं के लिए ठोस व्यवस्था नहीं होने से यह समस्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। वहीं आवारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। कई बार पशु वाहन की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं या उनकी मौत हो जाती है, जबकि दोपहिया चालक भी गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थलों की व्यवस्था की जाए, ग्राम पंचायत स्तर पर गोसंरक्षण केंद्रों का संचालन सुनिश्चित किया जाए और ऐसे संवेदनशील इलाकों में सर्वे कर राहत कार्य प्रारंभ किए जाएं, ताकि किसानों की मेहनत बर्बाद नहीं हो और ग्रामीण क्षेत्र में शांति बनी रहे।

बूथ अध्यक्ष और बीएलए को दी गई एसआईआर की जानकारी

▶ सिलौंड़ी भाजपा मंडल में त्रिदेव कार्यशाला का हुआ आयोजन

नवभारत, उमरियापान। केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देशानुसार और मार्गदर्शन में सिलौंडी मंडल कार्यसमिति और त्रिदेव मतदाता सूची में विशेष गहन पुनर्निरिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, मंडल प्रभारी जितेंद्र अरोरा, मंडल संयोजक अरविंद तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के

अध्यक्ष सुशील पाल की उपस्थिति में सभी अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान सभी बूथ अध्यक्ष, बूथ बीएलए उपस्थति रहे। सर्वप्रथम मंडल की मतदाता गहन पुनर्निरिक्षण कार्यशाला के अंतर्गत सभी अतिथियों के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला की शुरूवात की। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बैठक की जानकारी दी। जिसके बाद एसाआईआर के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक के बाद संतोष सेन ने आभार प्रदर्शन किया।

कार्यशाला बैठक का संचालन महामंत्री अरविंद तिवारी ने किया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष शैलेष जैन, मंडल उपाध्यक्ष अमित राय, कार्यालय मंत्री विनोद बागरी, महामंत्री सदन तिवारी, सरपंच संदीप यादव, राजेंद्र तिवारी, गणेश बागरी, गोविंद सिंह बागरी, कमल बर्मन, सूर्य प्रकाश मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, राजू लोनी, नारायण सिंह, राजेंद्र दुबे, कपिल बागरी, प्रवीण बर्मन सहित सभी कार्यकर्ता बंधू उपस्थित रहे।

मेले से मिले मंच ने दिया प्रतिभा निखारने का अवसर

▶ समापन अवसर पर सम्मानित किए गए प्रतिभागी और अधिकारी

नवभारत, कटनी। नगर निगम द्वारा 5 नवंबर से आयोजित किया श्री बजरंग कटाएघाट मेले का समापन 9 नवंबर को कर दिया गया है। पांच दिवसीय मेला के अंतिम दिन अलग-अलग स्कूलों के छात्रों ने गायन, नृत्य फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ ही रोचक इनामी दंगल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देशन में इस वर्ष आयोजित मेले को आधुनिक साज-सज्जा के साथ भव्य स्वरूप दिया गया था। मेले में प्रतिदिन विज्ञान प्रदर्शनी, एकल गायन, एकल और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस, निबंध प्रतियोगिता, सामूहिक नृत्य, दंगल, कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल, दंगल के साथ ही प्रेरणादाई और सामाजिक संदेश प्रसारित करती फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

मेले के समापन कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, मंचासीन अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, विज्ञान प्रदर्शनी और अन्य खेल कूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं सहित नगर निगम के 53 अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि मेले के इस मंच के माध्यम से नगर के छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निखारने एक सुनहरा अवसर दिया है, ताकि उनका और अधिक विकास हो सके।

इस दौरान उन्होंने आगामी वर्ष से मेले को और भी भव्यता के साथ आयोजित करने की बात कही मेले में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल गायन प्रतियोगिता में वर्ग अ में शौर्य मेहतो, वर्ग ब में श्रृष्टि दहायत, वर्ग स में धैर्य उपाध्याय ने प्रथम स्थान अर्जित किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में वर्ग ब में दृष्टि उरमलिया, वर्ग स में रागिनी प्रजापति प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार रिकॉर्ड डांस में वर्ग अ की वैष्णवी निषाद, वर्ग ब की अनीका जैन, वर्ग स सत्यांशी शर्मा प्रथम स्थान पर रही। समापन अवसर पर पार्षद और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अजमेर में मिली बाकल थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग

▶ पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत की कार्रवाई

नवभारत, बाकल। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत बाकल थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बाकल थाना क्षेत्र से लापता एक नाबालिग बालिका की खोजबीन पुलिस ने कर ली है।

पुलिस ने बताया कि तकनीकी और मानवीय स्रोतों का उपयोग करते हुए संभावित ठिकानों पर सघन तलाश अभियान चलाया गया। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को सफलता मिली और नाबालिग बालिका को अजमेर से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस ने बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। किया। गुमशुदा बालिका मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है। कार्रवाई में बाकल थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक, एएसआई बीएम चौधरी, महिला आरक्षक रोशनी लोधी, रक्षा साहू की भूमिका रही।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की बैठक 13 को

नवभारत, कटनी। आगामी 13 नवम्बर को सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पूर्व सैनिकों, विधवाओं, आश्रितों को आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करने में सहायता दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए कहा है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07622-223144 पर संपर्क किया जा सकता है।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स के.एस.के. स्टोन क्रेशर प्रा.लि. डायरेक्टर श्रीमती कल्पना सरावगी, मोहनी स्टोन क्वेरी, माइनिंग ऑफ मिनरल्स खसरा नं. 638 पार्ट ग्राम मोहनी, तहसील बरही, जिला कटनी, लीज क्षेत्रफल 3.10 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता 25,771 क्यूबिक मीटर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम मोहनी, तहसील बरही, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय, नवीन भवन पता एन.एच. 30, जबलपुर - रीवा बायपास रोड, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम के पास गुलवारा तहसील - मुडवारा, जिला कटनी (म.प्र.) मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म.प्र.) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 11.12.2025 दिन गुरूवार को दोपहर : 11:30 बजे मेसर्स के.एस.के. स्टोन क्रेशर प्रा.लि. डायरेक्टर श्रीमती कल्पना सरावगी, मोहनी स्टोन क्वेरी, माईन माइनिंग ऑफ मिनिरल्स, ग्राम मोहनी तहसील बरही जिला कटनी, के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

सम्मेलन | भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित महिला सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी

महिला मोर्चा पार्टी की रीढ़, चुनाव और सामाजिक कार्यक्रम में निभाती हैं अग्रणी भूमिका

नवभारत, कटनी। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत जिला भाजपा कार्यालय में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सम्मिलित हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टडन, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी, रवि खरे, पूर्व महापौर श्रीमती रुकमणी बर्मन, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने मुख्य मंच साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के

चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा कि महिला मोर्चा पार्टी की रीढ़ है, जो हर चुनाव और सामाजिक कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है और इसमें महिलाओं की भागीदारी निर्णायक है। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा महिला मोर्चा सिर्फ सामाजिक कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में समान रूप से सक्रिय भूमिका निभा रही है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति, आत्मनिर्भर भारत की शक्ति के रूप में आगे आएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उज्जवला, जन धन, स्टैंड अप और मुद्रा योजना जैसी योजनाओं ने लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना उद्बोधन में जिलाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन ने कहा कि पूरे देशभर में भाजपा द्वारा महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है इसका यही उद्देश्य है की महिलाओं को अपने अधिकारों की पूरी जानकारी हो। कार्यक्रम का संचालन महापौर श्रीमती प्रीति सूरी और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता तिवारी ने किया। सम्मेलन में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और महिला स्वावलंबन से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024